Need to run a regular train on Sikar-Delhi route via Jhunjhunu and Chirawa-Laid

श्री बृजेन्द्र सिंह ओला **(झुन्झुनू) :** मैं सरकार का ध्यान सीकर?दिल्ली मार्ग पर वाया झुंझुनूं?चिड़ावा होते हुए नियमित ट्रेन सेवा शुरू करने की महत्वपूर्ण मांग की तरफ आकर्षित करना चाहता हूँ । झुंझुनूं, चिड़ावा, सीकर और आसपास के क्षेत्रों से हजारों सरकारी और निजी क्षेत्र में कार्यरत सैकड़ों कर्मचारी, सैनिक, व्यापारी, छात्र और आम नागरिक नियमित रूप से दिल्ली एवं अन्य शहरों की यात्रा करते हैं । साथ ही इस क्षेत्र में खाटू श्यामजी, सालासर बालाजी धाम, शाकंभरी माता, जीण माता जी सहित अनेक प्रमुख धार्मिक स्थल स्थित हैं, जहां हर दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु देशभर से दर्शन हेतु आते हैं लेकिन उपरोक्त रूट पर कोई नियमित ट्रेन सेवा उपलब्ध नहीं होने से श्रद्धालुओं और यात्रियों को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है । आमजन को अन्य साधनों पर निर्भर रहना पड़ता है जिससे समय, धन दोनों की हानि होती है । अतः मैं माननीय रेल मंत्री से निवेदन करता हूँ कि मेरी इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए इस मार्ग पर नियमित ट्रेन सेवा जल्द शुरू करने की कृपा करें । जिससे आमजन को आवागमन में राहत मिल सके ।